भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2296

उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025 (बुधवार)

21 फाल्गुन, 1946 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र हेतु क्षमता निर्माण

†2296. **श्री कामाख्या प्रसाद तासाः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के लिए क्षमता निर्माण के अंतर्गत प्रदान की गई निधि के बारे में आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान असम में विकास के लिए सरकार द्वारा कितनी निधि आवंटित की गई है;

(घ) असम सरकार की चल रही सभी परियोजनाओं/योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास असम के उन प्रशिक्षित युवाओं के कोई आंकड़े हैं, जिन्होंने राज्य में अपना उद्यम शुरू किया है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार उन्हें बढ़ावा देने के लिए कोई और सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने सूचित किया है कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से हस्तांतरण पर क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहायता स्कीम के क्षमता निर्माण घटक के कार्यान्वयन के लिए उन्हें 25 करोड़ रुपये की राशि अधिकृत की गई थी।

(ग) से (छ) वर्ष 2015 से, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत असम सहित देश भर के युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षा की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल उन्नयन और पुनः कौशल प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल से लैस करके रोजगार के अवसरों तक पहुंचने के लिए उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। तीन चरणों के सफल कार्यान्वयन के बाद पीएमकेवीवाई 4.0 वर्तमान में असम सहित पूरे देश में प्रगति पर है। पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत असम राज्य को 31.12.2024 तक वितरित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

राज्य	2022-23	2023-24	2024-25 (वर्तमान वर्ष)
असम	11.01	43.28	15.54

इसके अलावा, आरंभ से लेकर 31.12.2024 तक सभी संस्करणों में असम में पीएमकेवीवाई के तहत भौतिक प्रगति निम्नानुसार है:

असम में पीएमकेवीवाई के तहत वास्तविक प्रगति (आरंभ से लेकर अब तक)					
संस्करण	नामित	प्रशिक्षित / उन्मुख	आकलित	प्रमाणित	सूचित नियुक्ति
पीएमकेवीवाई 1.0	33,408	33,408	32,395	19,668	3,694
पीएमकेवीवाई 2.0	6,69,154	6,54,610	5,32,501	4,93,270	60,808
पीएमकेवीवाई 3.0	35,476	32,722	24,088	20,237	2,755
पीएमकेवीवाई 4.0	1,46,012	1,07,966	61,416	57,456	*
कुल	**8,84,050**	**8,28,706**	**6,50,400**	**5,90,631**	**67,257**

* नियुक्ति की ट्रैकिंग पीएमकेवीवाई 4.0 से डीलिंक्ड कर दी गई है।

असम में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत (आरंभ से लेकर अब तक) स्व-नियोजित सहित सूचित नियुक्ति की स्थिति				
संस्करण	सूचित नियुक्ति	नियुक्त में से सूचित की गई स्वरोजगार की स्थिति	नियुक्त में से सूचित दिहाड़ी रोजगार की स्थिति	नियुक्त में से सूचित अप्रेंटिसशिप
पीएमकेवीवाई 1.0	3,694	*	*	*

पीएमकेवीवाई 2.0	60,808	11,537	48,805	466
पीएमकेवीवाई 3.0	2,755	18	2,737	0
कुल	**67,257**	**11,555**	**51,542**	**466**
* सूचित नियुक्ति का पृथक्करण पीएमकेवीवाई 1.0 के लिए उपलब्ध नहीं है।				

पूर्वोत्तर परिषद द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में कौशल विकास और क्षमता निर्माण से संबंधित 59.60 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 38 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।

*****